भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 1328
(जिसका उत्तर मंगलवार, 10 मार्च, 2015 को दिया गया)

शीर्ष दस कंपनियों की आस्तियां

1328. डॉ. भालचन्द्र मुणगेकर :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार, शीर्ष दस कंपनियों की आस्तियों के संदर्भ में इन कंपनियों के अवरोही क्रम में नाम क्या-क्या हैं;
(ख) 31 मार्च, 2014 को इन सभी कंपनियों की कुल आस्तियां कितनी-कितनी थीं; और
(ग) 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार, कुल आस्तियों में शीर्ष दस कंपनियों का हिस्सा कितना-कितना था?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरूण जेटली)**

(क) से (ग) : वर्ष 2013-14 के लिए दिनांक 30.11.2014 तक अपने तुलनपत्र दायर करने वाली 4,15,886 कंपनियों में से दिनांक 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार, उनकी आस्तियों के संबंध में, अवरोही क्रम में दस शीर्ष कंपनियों का नाम अनुलग्नक में दिया गया है। दिनांक 31 मार्च, 2014 को सभी 4,15,886 कंपनियों की आस्तियों का बताया गया कुल मूल्य 117.08 लाख करोड़ रुपए था, और आस्तियों के कुल मूल्य में शीर्ष 10 कंपनियों का हिस्सा 15.3% था।

*****

<u>अनुलग्नक</u>

दिनांक 10 मार्च, 2015, मंगलवार को उत्तर दिए जाने के लिए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1328 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुलग्नक

तालिका : दिनांक 31.03.2014 को आस्तियों के मूल्य के अनुसार, अवरोही क्रम में शीर्ष दस कंपनियों का नाम

क्र.सं.	**कंपनी का नाम**	**आस्तियों का मूल्य (करोड़ रुपए में)**
1	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	3,67,583.00
2	इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड	2,52,413.78
3	हाउसिंग डेवल्पमेंट फाईनेंस कारपोरेशन लिमिटेड	2,25,757.39
4	पावर फाईनेंस कारपोरेशन लिमिटेड	1,94,164.10
5	एनटीपीसी लिमिटेड	1,79,554.18
6	रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड	1,52,852.90
7	पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1,39,589.07
8	एलआईसी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड	95,777.02
9	स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	91,961.89
10	भारत संचार निगम लिमिटेड	89,333.44
	शीर्ष दस कंपनियों का योग	**17,88,986.76**

स्रोत : एमसीए21 डाटाबेस

******